भारत सरकार

पेट्रो लयम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय

लोक सभा
अतारां कत प्रश्न सं0 **1307**
दिनांक **25** नवम्बर**,** 2019

तेल और गैस के निवेश में वृ द्ध

1307. डॉ॰ भारतीबेन डी॰ श्यालः
श्री शंकर लालवानीः

क्या पेट्रो लयम और प्राकृतिक गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कः

(क) क्या सरकार तेल और गैस की बढ़ती मांग को देखते हुए निवेश में वृ द्ध करने की तैयारी कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) वश्व में वद्युत क्षेत्र में भारत का कौन-सा स्थान है; और
(ग) देश वशेषकर गुजरात में शहरी गैस नेटवर्क में वृ द्ध करने के लए सरकार द्वारा उठाए जा रहे कदमों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
पेट्रो लयम और प्राकृतिक गैस मंत्री
(श्री धर्मेन्द्र प्रधान)

क) सरकार ने फरवरी, 2019 में मौजूदा क्षेत्रों से तेल और गैस के घरेलू उत्पादन को गति देने, घरेलू और वदेशी नवेश को आकृष्ट करने, अन्वेषण क्रयाकलापों को बढ़ाने के उद्देश्य से अन्वेषण और लाइसें संग नीति में प्रमुख सुधारों को अनुमोदित कया है। इन नीतिगत सुधारों का लक्ष्य अन्य बातों के साथ साथ कार्य कार्यक्रम को अपेक्षाकृत अ धक महत्ता देते हुए अन्वेषण क्रयाकलापों को बढ़ावा देना, राजकोषीय और सं वदागत शर्तों को आसान बनाना, सरकार को कोई उत्पादन अथवा राजस्व हिस्सेदारी के बिना श्रेणी II और III तलछटीय बे सनों के तहत अन्वेषण ब्लॉकों की बोली लगाना, राजकोषीय प्रोत्साहन देते हुए खोजों का शीघ्र मौद्रीकरण, वपणन और मूल्य निर्धारण की स्वतंत्रता के साथ गैस उत्पादन प्रोत्साहित करना, नवीनतम प्रौद्यो गकी और पूंजी का समावेशन, सहयोग के लए राष्ट्रीय तेल कंपनियों को कार्य करने की अ धक आजादी देना तथा नामांकन क्षेत्रों में उत्पादन बढ़ाने के तरीकों के लए निजी क्षेत्र की भागीदारी, इलैक्ट्रानिक एकल वंडो व्यवस्था के साथ सहजता से कारोबार को बढ़ावा देना तथा मंजूर प्र क्रयाओं को युक्तिसंगत बनाना।

ख) वश्व बैंक की रिपोर्ट में, जैसा क वद्युत मंत्रालय ने बताया है कः डूइंग बिज़नेस रिपोर्ट 2020 में "बिजली प्राप्ति" हेतु डीबीआर 2019 में भारत की रैं कंग में सुधार होकर 24 से 22 हो गया है।

ग) 10वें सीजीडी बोली दौर के पूरा होने के साथ ही, सीजीडी 27 राज्यों और केन्द्र शा सत प्रदेशों में फैले 407 जिलों में 229 भौगो लक क्षेत्र उपलब्ध होंगे, जो भारत की लगभग 70 प्रतिशत आबादी और इसका 53 प्रतिशत भौगो लक क्षेत्र को कवर करेगी। गुजरात राज्य के सभी जिलों को सीजीडी नेटवर्क में शा मल कया गया है।

****